# सोमी कंवेयर बेल्टिंग्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 4एफ-15, 'ऑलिवर हाउस', न्यू पॉवर हाउस रोड़, जोधपुर-342003,
दूरभाषः+91-291-2765400 से 09/ फैक्सः +91-291-2765410
ई-मेलः md@somiconveyor.com/ वेबसाईटः www.somiinvestor.com
CIN: L25192RJ2000PLC016480

## 24वीं वार्षिक आम बैठक, बुक क्लोजर और ई-वोटिंग की सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी की 24वीं वार्षिक आमबैठक (एजीएम) की सूचना में निर्धारित प्रस्ताव पारित करने के लिए, सोमवार 30 सितंबर, 2024 को सुबह 11:30 बजे 4एफ-15, 'ऑलिवर हाउस', न्यू पॉवर हाउस रोड, जोधपुर - 342003 पर आयोजित की जायेगी।

एजीएम बुलाने के नोटिस सहित वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट कंपनी के सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से उन सदस्यों को भेज दी गई है जिन्होंने डिपॉजिटरी/ कंपनी के साथ अपना ई-मेल पता पंजीकृत किया है। उक्त वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है और बैठक की तारीख तक सभी कार्य दिवसों में कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स कंपनी की 24वीं एजीएम के उद्देश्य से 24 सितंबर, 2024 से 30 सितंबर, 2024 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेगी।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20, यथासंशोधित और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के नियम 44 के अनुपालन में कंपनी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों ('ई-वोटिंग') द्वारा बैठक में पारित किए जाने वाले प्रस्तावों पर मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्य बैठक के स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ('रिमोट ई-वोटिंग') का उपयोग करके अपना वोट डाल सकते हैं। कंपनी ने ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए एजेंसी के रूप में सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की सेवाएं ली है।

एजीएम बुलाने के नोटिस में दी गई रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित जानकारी कंपनी की वेबसाइट www.somiinvestor.com और सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर अपलोड की गई है। सदस्यों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित को नोट करें:

(क) रिमोट ई-वोटिंग सुविधा शुक्रवार, 27 सितंबर, 2024 को सुबह 9 बजे शुरू होगी और रविवार, 29 सितंबर, 2023 को शाम 5.00 बजे समाप्त होगी। इसके बाद सीडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल को मतदान के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा और सदस्यों को उक्त तिथि और समय के बाद इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ख) जिस व्यक्ति का नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात सोमवार, 23 सितंबर, 2024 को सदस्यों/लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में आता है, वह ही बैठक में रिमोट ई-वोटिंग/वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होंगे।

(ग) व्यक्ति जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि तक शेयर धारण करता है, एजीएम की सूचना में बताई गई प्रक्रिया का पालन करते हुये रिमोट ई-वोटिंग द्वारा वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग कर सकता है।

(घ) मतदान पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा एजीएम में उपलब्ध कराई जाएगी और बैठक में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे बैठक में मतदान कर सकेंगे।

(ङ) रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने वाले सदस्य भी बैठक में शामिल हो सकते हैं लेकिन फिर से वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

(च) रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न/शिकायत को कंपनी संबोधित करते हुये सोमी कन्वेयर बेल्टिंग लिमिटेड, 4एफ-15, 'ऑलिवर हाउस', न्यू पॉवर हाउस रोड, जोधपुर- 342003, दूरभाषः +91-291-2765400 से 09, ई-मेलआईडी- md@somiconveyor.com, santosh.gamare@linkintime.co.in पर संपर्क किया जा सकता है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
सोमी कंवेयर बेल्टिंग्स लिमिटेड
कृते/-

स्थानःजोधपुर
दिनांकः 5 सितम्बर, 2024

ओम प्रकाश भंसाली
प्रबंध निदेशक